प्रत्याशी पुस्तिका

पंच और सरपंच

पंचायती राज आम चुनाव 2026 · ज़िला बालोतरा

पंच और सरपंच के वोट मतपेटी से पड़ेंगे। [आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 3]

सावधान: अंतिम और मान्य स्रोत आयोग के मूल आदेश और नियम ही हैं; इसमें उनसे कुछ अलग दिखे, तो आदेश और नियम ही मानिए।

प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशाला · 10.10.2026 · ज़िला बालोतरा
स्रोत: राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के आदेश और पुस्तकें

MockPoll.com
mockpoll.com/panchayat/rajasthan/2026

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जेठन्तरी
ब्लॉक समदड़ी, ज़िला बालोतरा · gsssjethantri.in

इस पुस्तिका के बारे में

- हर बात के आगे उसकी किताब या आदेश और पेज लिखा है। कोई बात साफ़ न हो, तो अपने रिटर्निंग अधिकारी से पूछ लीजिए।
- इस पुस्तिका में संदर्भ पर क्लिक करें, तो वह आदेश या पुस्तक उसी पेज पर खुलती है। जिस आदेश की प्रति ऑनलाइन नहीं रखी है, उसका लिंक नहीं है।
- भरे हुए नमूना प्ररूप प्रशिक्षण के लिए हैं; नियम या आदेश से कुछ अलग दिखे, तो नियम और आदेश ही मान्य।
- अंतिम बात आयोग के आदेशों और नियमों की है। कोई संशय हो, तो अपने रिटर्निंग अधिकारी से पूछिए।

विषय-सूची

1	बालोतरा में कौन-सा काम किस दिन होगा?	4
2	ये नियम किस क़ानून से आते हैं?	5
3	आयोग के कौन-से आदेश इस चुनाव पर लागू हैं?	6
4	कौन-सा फ़ॉर्म किस काम का: नामांकन का दिन	7
5	कौन-सा फ़ॉर्म किस काम का: नतीजा और प्रचार	7
6	नामांकन वाले दिन कब क्या होगा?	8
7	इस बार पहले से क्या बदला है?	9
8	पंच या सरपंच का चुनाव कौन लड़ सकता है?	10
9	आरक्षित और सामान्य सीट से कौन लड़ सकता है?	11
10	क्या एक ही पंचायत में दो सीटों से लड़ सकते हैं?	11
11	क्या एक साथ दो पंचायती राज संस्थाओं से लड़ सकते हैं?	12
12	क्या सरकारी कर्मचारी चुनाव लड़ सकते हैं?	12
13	कौन-सी बातें चुनाव लड़ने से रोकती हैं?	13
14	नामांकन पत्र कैसे और किसे देना है?	13
15	साथ के काग़ज़ों में किस चूक से नामांकन जाता है?	14
16	नामांकन के साथ कौन-से कागज़ लगेंगे, और कौन-से नहीं?	14
17	सरपंच को कितनी जमानत राशि देनी है?	17
18	नामांकन देने पर रसीद में क्या मिलेगा?	18
19	नामांकन पत्रों की जाँच (संवीक्षा) कैसे होगी?	19
20	नामांकन किन कारणों से खारिज हो सकता है?	19
21	खारिज होने के और कारण: काग़ज़ और जमानत	19
22	किन बातों से नामांकन खारिज नहीं होता?	20
23	एक सीट के कई नामांकन पत्र, या अलग-अलग सीटें? (1/2: संवीक्षा तक)	21
24	एक सीट के कई नामांकन पत्र, या अलग-अलग सीटें? (2/2: नाम वापसी)	21

25 नाम वापस कैसे लेते हैं? 22

26 उम्मीदवारों की सूची और चुनाव चिह्न कब मिलेंगे? 23

27 पंच और सरपंच का मतपत्र कैसा होगा? 23

28 मतदान और गिनती कब और कहाँ होगी? 24

29 कौन-से अभिकर्ता (एजेंट) रख सकते हैं? 25

30 नतीजा कैसे घोषित होगा, और शपथ कब होगी? 25

31 सरपंच की जमानत कब जब्त होगी, कब लौटेगी? 25

32 जमानत वापस कैसे मिलेगी? 26

33 नामांकन से पहले जाँच लीजिए: क्या मैं लड़ सकता हूँ? 26

34 नामांकन से पहले जाँच लीजिए: काग़ज़ पूरे हैं? 27

35 प्रचार में कौन-सा वाहन चला सकते हैं? 27

36 लाउडस्पीकर कब और कैसे बजा सकते हैं? 28

37 पोस्टर, बैनर और सभा के क्या नियम हैं? 29

38 चुनाव खर्च की सीमा और हिसाब क्या है? 29

39 प्रचार की पाबंदी तोड़ी तो क्या होगा? 30

40 आचार संहिता में हमेशा क्या ध्यान रखें? 30

41 कौन-से काम भ्रष्ट आचरण और अपराध हैं? 31

42 सभा और जुलूस कैसे करें? 31

43 मतदान के दिन क्या करें, क्या न करें? 32

44 शराब, पास और पर्यवेक्षक के नियम क्या हैं? 32

45 रिटर्निंग अधिकारी से क्या पूछें? 32

46 स्रोत 34

1 बालोतरा में कौन-सा काम किस दिन होगा?

आधार: राज्य निर्वाचन आयोग का आदेश 10090, दि. 06.10.2026 और आदेश 9836, दि. 03.10.2026


काम	तीसरा चरण	चौथा चरण
पंच और सरपंच के नामांकन, संवीक्षा, नाम वापसी और चुनाव चिह्न: सब एक ही दिन	04.11.2026 (बुधवार)	15.11.2026 (रविवार)
पंच और सरपंच का मतदान (सुबह 7 से शाम 6 बजे), फिर वहीं गिनती	05.11.2026 (गुरुवार)	16.11.2026 (सोमवार)
उपसरपंच का चुनाव	06.11.2026 (शुक्रवार)	17.11.2026 (मंगलवार)

स्रोत: आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1; आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 9

- तीसरे चरण में सिणधरी, गिडा, कल्याणपुर, गुडामालानी, धोरीमन्ना और समदड़ी पंचायत समितियाँ हैं; चौथे चरण में बालोतरा, पादरू, पायला कलां, पाटोदी और सिवाना। [आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 12]

चित्र 1: आयोग का आदेश: किस चरण में कौन-सी तारीख

आधार: राज्य निर्वाचन आयोग का आदेश 10090, दि. 06.10.2026



पंच, सरपंच, पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के मतदान एवं मतगणना हेतु समय–सारणी

क्र.स.	कार्य का विवरण	प्रथम चरण	द्वितीय चरण	तृतीय चरण
1	मतदान दलों का प्रस्थान / पहुँच	21.10.2026 (बुधवार)	27.10.2026 (मंगलवार)	02.11.2026 (सोमवार)
2	मतदान की तिथि एवं समय (जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए)	22.10.2026 (गुरूवार) प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक	28.10.2026 (बुधवार) प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक	03.11.2026 (मंगलवार) प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
3	पंच / सरपंच पद हेतु नामांकन प्रक्रिया की तिथि	23.10.2026 (शुक्रवार)	29.10.2026 (गुरूवार)	04.11.2026 (बुधवार)
4	मतदान की तिथि एवं समय (पंच / सरपंच पद हेतु)	24.10.2026 (शनिवार) प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक	30.10.2026 (शुक्रवार) प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक	05.11.2026 (गुरूवार) प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
5	मतगणना (पंच / सरपंच पद हेतु) (ग्राम पंचायत मुख्यालय पर)	24.10.2026 (शनिवार) मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात्	30.10.2026 (शुक्रवार) मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात	05.11.2026 (गुरूवार) मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात
6	उपसरपंच का चुनाव	25.10.2026 (रविवार)	31.10.2026 (शनिवार)	06.11.2026 (शुक्रवार)

मूल: आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1 · राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

पीला कॉलम: तीसरा चरण। समदड़ी पंचायत समिति तीसरे चरण में है। [आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1; आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 12]

- पंक्ति 1-2: मतदान दल 02.11.2026 को रवाना होंगे; ज़िला परिषद और पंचायत समिति का मतदान 03.11.2026 को। [आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1]
- पंक्ति 3: पंच-सरपंच की नामांकन प्रक्रिया 04.11.2026 (बुधवार) को। [आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1]
- पंक्ति 4-5: पंच-सरपंच का मतदान 05.11.2026 (गुरुवार) सुबह 7 से शाम 6 बजे; मतदान खत्म होते ही ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गिनती। [आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1]
- पंक्ति 6: उपसरपंच का चुनाव 06.11.2026 (शुक्रवार) को। [आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1]

2 ये नियम किस क़ानून से आते हैं?

आधार: राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 और राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994

नाम	इसमें क्या है	स्रोत
क़ानून: राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994	कौन चुनाव लड़ सकता है और कौन नहीं (धारा 19, 19ख, 20), और प्रचार की पाबंदी तोड़ने की सज़ा (धारा 22क)। स्लाइड पर ऐसे लिखा है: 'धारा 19'।	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 26; आदेश 5052, दि. 23.12.2025, संकलन पृ. 98
चुनाव के नियम: राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994	नामांकन से नतीजे तक का तरीका, जैसे नियम 25 (नामांकन), 27 (संवीक्षा), 28 (नाम वापसी), 56(3) (सरपंच की जमानत)। इनके फ़ॉर्म 'प्ररूप' कहलाते हैं, जैसे प्ररूप 4।	आदेश 5052, दि. 23.12.2025, संकलन पृ. 99; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 26; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 80

नाम	इसमें क्या है	स्रोत
मतपेटी मार्गदर्शिका (आयोग की किताब)	मतपेटी वाले चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी क्या-क्या करेंगे; इसके परिशिष्ट में अधिनियम की धाराएँ, नियम और फ़ॉर्म भी छपे हैं।	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 26
ईवीएम मार्गदर्शिका (आयोग की किताब)	इस डेक में इसके पेज से: पंच-सरपंच की गिनती की जगह, अभिकर्ता (एजेंट), और जमानत वाले नियम 56(3) का छपा पाठ।	ईवीएम मार्गदर्शिका, पृ. 6; ईवीएम मार्गदर्शिका, पृ. 7; ईवीएम मार्गदर्शिका, पृ. 168
आयोग का संकलन	आयोग के आदेश, जैसे प्रचार और खर्च वाला आदेश 5052, और उम्मीदवारों के लिए आदर्श आचरण संहिता।	आदेश 5052, दि. 23.12.2025, संकलन पृ. 98; संकलन, पृ. 80

- [नियम 27 · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34] का मतलब: बात नियम 27 की है, और मतपेटी मार्गदर्शिका के पेज 34 पर लिखी है। जैसे यहाँ: [**नियम 27** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]
- हर स्लाइड के ऊपर 'आधार:' वाली पंक्ति बताती है कि वह स्लाइड किस क़ानून, नियम या आदेश पर टिकी है।

3 आयोग के कौन-से आदेश इस चुनाव पर लागू हैं?

आधार: राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश: हर पंक्ति में आदेश का नंबर और तारीख

आदेश	किस बारे में	स्रोत
आदेश 9836, दि. 03.10.2026	चुनाव कार्यक्रम: नामांकन वाले दिन का समय, मतदान की तारीखें, और कौन-सी पंचायत समिति किस चरण में	आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 8; आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 12
आदेश 10090, दि. 06.10.2026	बालोतरा के चरणों की तारीखें: पंच-सरपंच का नामांकन, मतदान और उपसरपंच का चुनाव	आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1
आदेश 9809, दि. 02.10.2026	नामांकन वाला दिन ग्राम पंचायत मुख्यालय पर; मतपत्र कैसा होगा, चुनाव चिह्न और नोटा	आदेश 9809, दि. 02.10.2026, पृ. 1; आदेश 9809, दि. 02.10.2026, पृ. 2
आदेश 10055, दि. 06.10.2026	नामांकन के काग़ज़: संतान वाली शर्त हटी, बाकी सब पूरा भरना है	आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 1
आदेश 5052, दि. 23.12.2025	प्रचार की पाबंदियाँ: वाहन, लाउडस्पीकर, पोस्टर-बैनर, खर्च की सीमा और हिसाब	आदेश 5052, दि. 23.12.2025, संकलन पृ. 98
परिपत्र 2178, दि. 20.06.2019, परिपत्र 2283, दि. 09.07.2019, और पत्र 594, दि. 19.01.2026	सरपंच की जमानत कब जब्त होगी और वापस कैसे मिलेगी; पत्र 594 कहता है कि ये दोनों परिपत्र इस बार भी लागू हैं	परिपत्र 2178, दि. 20.06.2019 (पत्र 594 के साथ), संकलन पृ. 401; पत्र 594, दि. 19.01.2026, संकलन पृ. 400

- आदेश 9809 में लिखा है कि इस प्रक्रिया के बारे में पहले के आदेश और मार्गदर्शिकाएँ, जितनी इस आदेश से अलग हैं, उतनी लागू नहीं रहेंगी। [आदेश 9809, दि. 02.10.2026, पृ. 3]

4 कौन-सा फ़ॉर्म किस काम का: नामांकन का दिन

आधार: नियम 25 से 29, राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994

फ़ॉर्म	किस काम का	कौन देगा	स्रोत
प्ररूप 4 (नामांकन पत्र)	चुनाव लड़ने का पत्र; इसके नीचे छपी रसीद रिटर्निंग अधिकारी भरकर देंगे	पंच और सरपंच, हर उम्मीदवार	**नियम 25(1)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 80
प्ररूप 4घ	आपराधिक मामले (विचाराधीन और दोषसिद्धि) और संपत्ति की जानकारी; संतान वाला बिन्दु 3 अब नहीं	हर उम्मीदवार, हर पेज पर हस्ताक्षर	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 81; आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 1
शौचालय की घोषणा	घर में कार्यशील स्वच्छ शौचालय है, और परिवार में कोई खुले में शौच नहीं जाता	हर उम्मीदवार	**धारा 19(थ)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 83
उपाबन्ध-I B (शपथ पत्र)	सरपंच के नामांकन पत्र के साथ दिया जाने वाला शपथ पत्र, ₹50 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर	सिर्फ़ सरपंच का उम्मीदवार	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 84; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34
नाम वापसी की सूचना (मॉडल फ़ॉर्म)	चुनाव से हटने का लिखित नोटिस, दो प्रतियों में; नियमों में फ़ॉर्म तय नहीं, यह सुविधा के लिए है	उम्मीदवार खुद	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 130; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 35; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 36
प्ररूप 5	नाम वापसी के बाद लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची; इसकी प्रति हर उम्मीदवार को	रिटर्निंग अधिकारी	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 36; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 37

5 कौन-सा फ़ॉर्म किस काम का: नतीजा और प्रचार

आधार: नियम 51 व 52 और 56(3), निर्वाचन नियम, 1994; आदेश 5052, दि. 23.12.2025

फ़ॉर्म	किस काम का	कौन देगा	स्रोत
प्ररूप 7	गिनती में मिले वोटों का ब्योरा; इसी से नतीजा घोषित होता है	रिटर्निंग अधिकारी	**नियम 51 व 52** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 39
प्ररूप 11	चुने गए पंच और सरपंच की शपथ, ताकि वे उपसरपंच वाली बैठक में आ सकें	चुने गए पंच-सरपंच	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 39
प्रपत्र 1	जमानत वापस लेने का आवेदन	सरपंच का वह उम्मीदवार, जिसकी जमानत लौटनी है	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 39; ईवीएम मार्गदर्शिका, पृ. 7
प्रपत्र 2	जिनकी जमानत जब्त हुई, उनके लिए जब्ती का आदेश	रिटर्निंग अधिकारी	परिपत्र 2178, दि. 20.06.2019 (पत्र 594 के साथ), संकलन पृ. 401; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 39

फ़ॉर्म	किस काम का	कौन देगा	स्रोत
प्ररूप 'ख' (आदेश 5052)	प्रचार के वाहन की लिखित अनुमति; उसी वाहन पर लगाकर रखनी है	रिटर्निंग अधिकारी (सरपंच के मामले में उपखण्ड अधिकारी)	आदेश 5052, दि. 23.12.2025, संकलन पृ. 99
प्ररूप 'ग' (आदेश 5052)	लाउडस्पीकर की लिखित अनुमति	ज़िला मजिस्ट्रेट, उपखण्ड मजिस्ट्रेट या सक्षम अधिकारी	आदेश 5052, दि. 23.12.2025, संकलन पृ. 100
प्ररूप 'क' (आदेश 5052)	चुनाव खर्च का हिसाब, नतीजे के 15 दिन के अंदर	उम्मीदवार	आदेश 5052, दि. 23.12.2025, संकलन पृ. 100

6 नामांकन वाले दिन कब क्या होगा?

आधार: राज्य निर्वाचन आयोग का आदेश 9836, दि. 03.10.2026 और आदेश 9809, दि. 02.10.2026

समय	क्या होगा
सुबह 8 से 11 बजे तक	नामांकन लिए जाएँगे
11:30 बजे से	संवीक्षा (नामांकन पत्रों की जाँच)
दोपहर 2 बजे तक	नाम वापसी
नाम वापसी के तुरंत बाद	चुनाव चिह्न दिए जाएँगे

स्रोत: आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 8

- तीनों काम एक ही दिन ग्राम पंचायत मुख्यालय पर होंगे: पंचायत भवन में, या उस जगह जो ज़िला निर्वाचन अधिकारी तय करें। [आदेश 9809, दि. 02.10.2026, पृ. 1]
- रिटर्निंग अधिकारी नामांकन पत्र सिर्फ़ उसी जगह, तारीख और समय पर लेंगे, जो ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) की लोक सूचना में तय है। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 26]
- समय निकल जाने के बाद पहुँचे, तो काम नहीं बनेगा; इसलिए सारे काग़ज़ एक दिन पहले ही तैयार रखिए। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33–34]

चित्र 2: आयोग का आदेश: नामांकन वाले दिन का समय

आधार: राज्य निर्वाचन आयोग का आदेश 9836, दि. 03.10.2026

• पंच/सरपंच के नाम निर्देशन हेतु समय–सारणी					
1.	जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 23 सपठित 56 के अन्तर्गत निर्वाचन की लोकसूचना जारी करने की तिथि	प्रथम चरण 08.10.2026 (गुरूवार)	द्वितीय चरण 13.10.2026 (मंगलवार)	तृतीय चरण 19.10.2026 (सोमवार)	चतुर्थ चरण 31.10.2026 (शनिवार)
2.	नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि	24.10.2026 (शनिवार)	30.10.2026 (शुक्रवार)	05.11.2026 (गुरूवार)	15.11.2026 (रविवार)
3.	नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय	प्रातः 08:00 बजे से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक			
4.	नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का समय	पूर्वाह्न 11:30 बजे से			
5.	नाम वापसी का समय	अपराह्न 02:00 बजे तक			
6.	चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन	अपराह्न 02:00 बजे के तुरन्त पश्चात्			

मूल: आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 8 · राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

- लाल: इस तालिका में तीसरे चरण के नामांकन की तारीख 05.11.2026 छपी है। बाद के आदेश 10090 में तीसरे चरण की पंच-सरपंच नामांकन प्रक्रिया 04.11.2026 (बुधवार) है। [आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 8; आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1]
- चौथा चरण: नामांकन 15.11.2026 (रविवार) को। [आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 8]
- पीला, पंक्ति 3-6, सब चरणों में एक जैसा: नामांकन सुबह 8 से 11 बजे तक; संवीक्षा 11:30 बजे से; नाम वापसी दोपहर 2 बजे तक; चुनाव चिह्न और उम्मीदवारों की सूची दोपहर 2 बजे के तुरंत बाद। [आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 8]

7 इस बार पहले से क्या बदला है?


आधार: राज्य निर्वाचन आयोग का आदेश 10055, दि. 06.10.2026 और आदेश 9809, दि. 02.10.2026

- संतान वाली शर्त अब नहीं: प्ररूप 4घ के बिन्दु 3 (संतान संबंधी योग्यता) की सूचना देना अब ज़रूरी नहीं, क्योंकि यह प्रावधान हटा दिया गया है। [आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 1]
- मतपेटी मार्गदर्शिका में 4घ के चार बिन्दुओं में संतान वाला बिन्दु अब भी छपा है; उसे लागू न मानिए। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 32]
- पढ़ाई की कोई शर्त नहीं: पंचायती राज विभाग की 22.02.2019 की अधिसूचना से शैक्षणिक योग्यता वाले प्रावधान खत्म हो गए, अब किसी भी पद के लिए इसकी ज़रूरत नहीं। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27]
- मतपत्र पर सिर्फ़ चुनाव चिह्न छपे होंगे; उम्मीदवारों के नाम नामांकन की प्रक्रिया पूरी होते ही मतदान दल के कार्मिक हाथ से लिखेंगे। [आदेश 9809, दि. 02.10.2026, पृ. 2]
- पंच के लिए 40 और सरपंच के लिए 40 चुनाव चिह्न अलग-अलग हैं; यह आयोग के आदेश 4191 (17.10.2025) से तय हुआ। [आदेश 9809, दि. 02.10.2026, पृ. 2]
- नोटा भी रहेगा: इसका स्टीकर आयोग छपवाता है, और यह आख़िरी उम्मीदवार के ठीक बाद वाली जगह पर लगेगा। [आदेश 9809, दि. 02.10.2026, पृ. 2]

पुरानी बात, अब लागू नहीं: मार्गदर्शिका में पंच के 10 और सरपंच के 20 छपे चिह्नों वाली व्यवस्था लिखी है; आदेश 9809 से अलग पड़ने वाली पुरानी बातें लागू नहीं। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 36; आदेश 9809, दि. 02.10.2026, पृ. 3]

चित्र 3: आयोग का आदेश 10055: संतान वाली शर्त हटी

आधार: राज्य निर्वाचन आयोग का आदेश 10055, दि. 06.10.2026



क्र.सं.	संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज	संलग्न दस्तावेजों के संबंध में स्पष्टीकरण
1	2	3
1	नाम निर्देशन पत्र – प्ररूप 4	नामनिर्देशन पत्र की सभी प्रविष्टियां भरी जानी है कोई भी कॉलम रिक्त नहीं (संतान संबंधी योग्यता को छोड़कर) होना चाहिए।
2	प्ररूप 4 घ	**पूर्ण रूप से भरा जाना आवश्यक है। इसका भी कोई कॉलम रिक्त नहीं होना चाहिए** बिन्दु संख्या 1 – विचाराधीन आपराधिक मामलों के संबंध में सूचना प्रस्तुत करनी है। बिन्दु संख्या 2 – आपराधिक प्रकरणों में दोषसिद्धि से संबंधित सूचना प्रस्तुत करनी है। बिन्दु संख्या 3– वर्तमान में संतान संबंधी योग्यता के प्रावधान विलोपित कर दिये गये है। अतः सूचना प्रस्तुत करनी आवश्यक नहीं है। बिन्दु संख्या 4–सम्पत्ति के संबंध में सूचना प्रस्तुत करनी है। उपर्युक्त बिन्दु संख्या 1 से 2 का विवरण अभ्यर्थी की योग्यता/अयोग्यता के निर्धारण के लिए है। किन्तु बिन्दु संख्या 3 एवं 4 में सूचना केवल मतदाताओं की जानकारी के लिए है इसके आधार पर अभ्यर्थी की योग्यता/अयोग्यता निर्धारित नहीं होती हैं।

मूल: आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 1 · राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

1. प्ररूप 4 (नामांकन पत्र): सारी प्रविष्टियाँ भरनी हैं, कोई कॉलम खाली नहीं; बस संतान संबंधी योग्यता वाला छोड़ना है। [आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 1]
2. प्ररूप 4घ का बिन्दु 3: संतान संबंधी योग्यता के प्रावधान हटा दिए गए हैं, इसलिए यह सूचना देना ज़रूरी नहीं। [आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 1]

- प्ररूप 4घ का बाकी हिस्सा पूरा भरना है, कोई कॉलम खाली नहीं: बिन्दु 1 विचाराधीन आपराधिक मामले, बिन्दु 2 दोषसिद्धि, बिन्दु 4 संपत्ति। [आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 1]

8 पंच या सरपंच का चुनाव कौन लड़ सकता है?

आधार: धारा 19, राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994

- पंच या सरपंच का चुनाव वही लड़ सकता है, जो उसी पंचायत क्षेत्र के किसी भी वार्ड का मतदाता हो। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 26]
- जिस वार्ड से पंच का चुनाव लड़ रहे हैं, उसी वार्ड का मतदाता होना ज़रूरी नहीं। जैसे, वार्ड 5 का मतदाता उसी पंचायत के वार्ड 8 से पंच का भी लड़ सकता है और सरपंच का भी। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 26]
- नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दिन जिसकी उम्र 21 साल हो गई है, वह पंच या सरपंच का चुनाव लड़ सकता है। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27]
- मतदाता सूची में लिखी उम्र सिर्फ़ अंदाज़न होती है, इसलिए उसे प्रमाण नहीं माना जाता; संवीक्षा के समय आपकी उम्र पर आपत्ति की जा सकती है। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27]

- मार्गदर्शिका का उदाहरण: सूची में उम्र 21 लिखी थी, पर स्कूल के प्रमाण पत्र से संवीक्षा की तारीख को उम्र 20 साल 10 महीने निकली, तो वह व्यक्ति योग्य नहीं। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27]

> उलझन: इसी पैरा में आगे नामांकन भरने की तारीख वाली उम्र भी लिखी है। इस बार नामांकन और संवीक्षा एक ही दिन हैं, तो आम तौर पर फ़र्क नहीं पड़ेगा; उम्र 21 के आसपास हो, तो जन्म का प्रमाण साथ रखें और रिटर्निंग अधिकारी से पूछ लें। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27; आदेश 9809, दि. 02.10.2026, पृ. 1]

9 आरक्षित और सामान्य सीट से कौन लड़ सकता है?

> **आधार:** धारा 19, राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994; नियम 16(1) और नियम 27, निर्वाचन नियम

- जो वार्ड या सरपंच पद अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या महिला के लिए आरक्षित है, उस पर उसी वर्ग का व्यक्ति लड़ सकता है। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 26]
- अन्य पिछड़े वर्ग की सीट पर विशेष पिछड़ा वर्ग (SBC) के प्रमाण पत्र वाले भी पात्र हैं। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 26]
- महिला के लिए आरक्षित सीट से कोई पुरुष चुनाव नहीं लड़ सकता। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 26]
- जो वार्ड या सरपंच पद आरक्षित नहीं है, उस पर किसी भी जाति या वर्ग का व्यक्ति, महिला या पुरुष, लड़ सकता है। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27]
- अनुसूचित जाति, जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग का व्यक्ति सामान्य वार्ड से लड़ने के अयोग्य नहीं है। [**नियम 16(1)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 35; आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 2]
- आरक्षित पद पर उस वर्ग का प्रमाण पत्र नहीं दिया, तो संवीक्षा में नामांकन खारिज किया जा सकता है। [**नियम 27** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]

10 क्या एक ही पंचायत में दो सीटों से लड़ सकते हैं?

> **आधार:** धारा 19-ख "किसी पंचायतीराज संस्था में एक से अधिक स्थानों के लिए निर्वाचन लड़ने पर प्रतिबंध", राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994

- धारा 19-ख के हिसाब से एक ही पंचायती राज संस्था, जैसे एक ग्राम पंचायत, के चुनाव में आप एक ही सीट से लड़ सकते हैं। अलग-अलग संस्थाओं की बात धारा 20 में है: अगली स्लाइड। [**धारा 19-ख(1)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 57; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27]
- पंच के चुनाव में आप एक से ज़्यादा वार्डों से नहीं लड़ सकते, जैसे दो अलग वार्डों से पंच का नामांकन भरना। [**धारा 19-ख(1)(क)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 57]
- सरपंच का चुनाव लड़ रहे हैं, तो उसी पंचायत में पंच का चुनाव नहीं लड़ सकते; और पंच का लड़ रहे हैं, तो सरपंच का नहीं। [**धारा 19-ख(1)(ख)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 57; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27]
- ऐसा नामांकन भर दिया, तो संवीक्षा में सिर्फ़ इस वजह से खारिज नहीं होगा; पर नाम वापसी के समय तक आपको एक सीट चुननी होगी। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 36]
- धारा 19-ख(2): जो सीट रखनी है, उसे छोड़कर बाकी सभी सीटों से अपनी उम्मीदवारी लिखित सूचना देकर वापस लीजिए; यह सूचना नाम वापसी के लिए तय समय और तारीख से पहले देनी है। [**धारा 19-ख(2)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 57]
- धारा 19-ख(2) का परन्तुक: ऐसा नहीं किया, तो माना जाएगा कि आपने उन सभी सीटों से उम्मीदवारी वापस ले ली, जिनके लिए नामांकन भरा था; यानी आप किसी भी सीट से उम्मीदवार नहीं रहेंगे। [**धारा 19-ख(2) का परन्तुक** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 57]
- बालोतरा में नाम वापसी नामांकन वाले दिन ही दोपहर 2 बजे तक है, इसलिए एक सीट का फ़ैसला उसी दिन 2 बजे से पहले करना होगा। [आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 8]

11 क्या एक साथ दो पंचायती राज संस्थाओं से लड़ सकते हैं?

आधार: धारा 20, राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 (पाठ: आयोग की अंग्रेज़ी क़ानून पुस्तिका)

- धारा 20 का पाठ मार्गदर्शिका के परिशिष्ट में नहीं छपा; यह आयोग की अंग्रेज़ी क़ानून पुस्तिका में है। उसमें शीर्षक है: "Restriction on simultaneous or double membership of a Panchayati Raj Institution"। [**धारा 20** · पंचायती राज चुनाव क़ानून पुस्तिका (अंग्रेज़ी), पृ. 63]
- धारा 20(1): क़ानून में जहाँ साफ़ छूट दी है, उसे छोड़कर कोई भी व्यक्ति एक साथ दो या ज़्यादा पंचायती राज संस्थाओं का सदस्य नहीं रह सकता। [**धारा 20(1)** · पंचायती राज चुनाव क़ानून पुस्तिका (अंग्रेज़ी), पृ. 63]
- धारा 20(2): एक संस्था का सदस्य दूसरी संस्था की सदस्यता का चुनाव लड़ सकता है। मार्गदर्शिका भी यही कहती है: एक साथ सदस्य रहने पर रोक है, चुनाव लड़ने पर नहीं। [**धारा 20(2)** · पंचायती राज चुनाव क़ानून पुस्तिका (अंग्रेज़ी), पृ. 63; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 27]
- पर वह दूसरी संस्था में चुन लिया गया, तो जिस दिन चुना गया, उसी दिन उसकी पहली सीट खाली हो जाएगी; बस तब नहीं, जब पहली संस्था का कार्यकाल उस तारीख से चार महीने के अंदर पूरा हो रहा हो। [**धारा 20(2) का परन्तुक** · पंचायती राज चुनाव क़ानून पुस्तिका (अंग्रेज़ी), पृ. 63]
- धारा 20(3): कोई एक साथ दो या ज़्यादा संस्थाओं में चुना गया, तो चुने जाने की तारीख से (तारीखें अलग हों, तो बाद वाली से) 14 दिन के अंदर सक्षम प्राधिकारी को बताए कि वह किस संस्था में रहेगा; दूसरी सीट खाली हो जाएगी। [**धारा 20(3)** · पंचायती राज चुनाव क़ानून पुस्तिका (अंग्रेज़ी), पृ. 63]
- धारा 20(4) और (5): यह सूचना अंतिम है, बाद में बदली नहीं जा सकती। 14 दिन में सूचना न दी, तो सक्षम प्राधिकारी तय करेगा कि कौन-सी सीट रहेगी; बाकी सीट खाली होगी। [**धारा 20(4), (5)** · पंचायती राज चुनाव क़ानून पुस्तिका (अंग्रेज़ी), पृ. 63]

सक्षम प्राधिकारी कौन है, और आपके मामले में धारा 20 कैसे लागू होगी, यह इन किताबों से तय करके नहीं बताया जा सकता; ऐसा मामला हो, तो रिटर्निंग अधिकारी से पूछिए।

12 क्या सरकारी कर्मचारी चुनाव लड़ सकते हैं?

आधार: धारा 19 का संशोधित खण्ड (ख), राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994

- जो संवीक्षा के दिन केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी (लोकल अथॉरिटी) का पूरे समय का या पार्ट-टाइम वैतनिक कर्मचारी है, वह पंच या सरपंच का चुनाव नहीं लड़ सकता। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 29]
- राज्य सरकार के नियंत्रण वाले, या उससे पूरा या कुछ पैसा पाने वाले विश्वविद्यालय, निगम, संस्था, उपक्रम या सहकारी समिति में वेतन वाली नौकरी करने वाला भी नहीं लड़ सकता। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 29]
- ऐसे कर्मचारी नामांकन भरें, तो संवीक्षा के समय सक्षम अधिकारी की दी हुई त्यागपत्र की स्वीकृति की प्रमाणित प्रति देनी होगी। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 29]
- स्वीकृति का आदेश संवीक्षा की तारीख से पहले वाले दिन तक का होना चाहिए, उसी दिन का नहीं; स्वीकृति न दी, तो नामांकन पत्र अस्वीकार होगा। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 29]
- इस बार संवीक्षा नामांकन वाले दिन ही है, इसलिए स्वीकृति का आदेश तीसरे चरण में 03.11.2026 (मंगलवार) तक का, और चौथे चरण में 14.11.2026 (शनिवार) तक का हो। [आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1; आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 9]

13 कौन-सी बातें चुनाव लड़ने से रोकती हैं?

आधार: धारा 19 और धारा 26(1), राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994

अयोग्यता	धारा	स्रोत
विधानसभा सदस्य का चुनाव लड़ने के लिए जो अयोग्य है, वह पंच-सरपंच के लिए भी अयोग्य है; बस उम्र 25 की जगह 21 साल काफ़ी है	19 (क)	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 28
किसी भी पंचायती राज संस्था के अधीन कोई वैतनिक पद या लाभ का पद	19 (घ)	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 29
संबंधित पंचायती राज संस्था के किसी ठेके में खुद, भागीदार, नियोजक या कर्मचारी के ज़रिये अंश या हित	19 (ङ)	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 29
पाँच साल या ज़्यादा की सज़ा वाले अपराध में न्यायालय ने संज्ञान ले लिया हो और आरोप तय कर दिए हों	19 (छछ)	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 30
संबंधित पंचायत की ओर से या उसके विरुद्ध वकील के रूप में नियुक्त	19 (ञ)	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 30
पंचायत का कर या फीस माँग नोटिस से दो महीने तक नहीं चुकाया (नामांकन से पहले जमा करके रसीद ले ली, तो अयोग्य नहीं)	19 (झ)	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 30
घर में कार्यशील स्वच्छ शौचालय नहीं, या परिवार का कोई सदस्य खुले में शौच जाता है	19 (थ)	मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 31; आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 2

- ये अयोग्यताएँ पंच के लिए लिखी हैं, और धारा 26(1) से सरपंच पर भी यही लागू हैं। [**धारा 26(1)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 31]
- स्वच्छ शौचालय यानी तीन दीवारों, दरवाज़े और छत से घिरा जलबंद शौचालय; परिवार में पति या पत्नी, बच्चे और साथ रहने वाले माता-पिता गिने जाते हैं। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 31]

14 नामांकन पत्र कैसे और किसे देना है?

आधार: नियम 25, राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994

- नामांकन पत्र प्ररूप 4 है। इसके साथ प्ररूप 4घ, शौचालय की घोषणा, और सिर्फ़ सरपंच के लिए उपाबन्ध-I B (शपथ पत्र) भी लगेगा। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33; आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 1]
- ये सब काग़ज़ उम्मीदवार खुद, अपने हस्ताक्षर या अंगूठा निशानी के साथ, तय तारीख, तय समय और तय जगह पर रिटर्निंग अधिकारी को देगा। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33–34]
- किसी और के हाथ भेजा नामांकन संवीक्षा में खारिज हो सकता है। [**नियम 27** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]
- पंच-सरपंच के चुनाव में प्रस्तावक का प्रावधान नहीं है, यानी नामांकन के लिए किसी प्रस्तावक की ज़रूरत नहीं। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]
- नामांकन लेते समय रिटर्निंग अधिकारी हस्ताक्षर या अंगूठा निशानी, मतदाता क्रम संख्या और वार्ड संख्या मिलाते हैं, और गलती हो तो उसी समय ठीक करवा देते हैं। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34–35]
- वे यह भी पूछते हैं कि आप पंच के लिए लड़ रहे हैं या सरपंच के लिए। उस समय साथ रहिए, और जो पूछा जाए, साफ़ बताइए। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34–35]

15 साथ के काग़ज़ों में किस चूक से नामांकन जाता है?

आधार: नियम 25 और नियम 27, राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994

- प्ररूप 4घ नामांकन के साथ देना कानूनन ज़रूरी है; इसे पूरा भरकर हर पेज पर हस्ताक्षर या अंगूठा निशानी लगाइए, नहीं तो नामांकन पत्र खारिज हो जाएगा। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 32]
- उपाबन्ध-I B सिर्फ़ सरपंच के लिए है; सरपंच का उम्मीदवार इसे न दे, तो नामांकन अस्वीकार होगा। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 32–33]
- उपाबन्ध-I B का कोई कॉलम खाली रह गया और रिटर्निंग अधिकारी के याद दिलाने पर भी नहीं भरा, तो संवीक्षा में नामांकन अस्वीकार करने योग्य होगा। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 32–33]
- उपाबन्ध-I B की बातें सही हैं या नहीं, यह रिटर्निंग अधिकारी नहीं जाँचते, क्योंकि इससे पात्रता तय नहीं होती; यह आम लोगों की जानकारी के लिए है, इसलिए इसकी एक प्रति नोटिस बोर्ड पर लगेगी। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33]
- शौचालय की घोषणा साथ नहीं दी, तो रिटर्निंग अधिकारी मीमो देंगे कि संवीक्षा से पहले अपने हस्ताक्षर वाली घोषणा दे दें; न दी, तो संवीक्षा में नामांकन खारिज हो सकता है। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]

16 नामांकन के साथ कौन-से कागज़ लगेंगे, और कौन-से नहीं?


कागज़	आदेश 10055 क्या कहता है
शौचालय की घोषणा	ज़रूरी: घर में कार्यशील स्वच्छ शौचालय है, यह आयोग के प्ररूप में (धारा 19(थ)); इसे प्रमाणित करवाने की ज़रूरत नहीं
नो-ड्यूज़	पंचायती राज संस्था का कोई बकाया नहीं (धारा 19(झ), 19(ड)), तो कोई नो-ड्यूज़ नहीं चाहिए; बकाया हो, तो नामांकन से पहले जमा कराकर रसीद या नो-ड्यूज़ लगाइए
चरित्र प्रमाण पत्र	लगाने की ज़रूरत नहीं
जाति प्रमाण पत्र	आरक्षित पद से लड़ रहे अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार के लिए ज़रूरी; सामान्य वार्ड से लड़कर जमानत में रियायत चाहिए, तब भी
जमानत की रसीद (सरपंच)	नियम 56(3): सामान्य वर्ग ₹500; महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग ₹250
सांख्यिकी सूचना का फ़ॉर्म	भरवाया जाएगा; न देने पर नामांकन खारिज नहीं होगा

स्रोत: आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 2–3

- पहले आयोग के दिए प्ररूप; न मिलें, तो उनकी फ़ोटोकॉपी; टाइप किया हुआ भी, अगर सारी प्रविष्टियाँ ज्यों की त्यों हों; हाथ से लिखा नामांकन पत्र और हाथ से लिखे साथ वाले प्ररूप स्वीकार्य नहीं। [आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 3]
- घोषणा या शपथ पत्र का कोई कॉलम खाली न छोड़िए (संतान वाली योग्यता छोड़कर)। खाली रहा, तो मीमो मिलेगा; पहले दिए शपथ पत्र में सुधार मान्य नहीं, अलग से नया शपथ पत्र देना होगा। [आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 3]

चित्र 4: प्ररूप 4 (नामांकन पत्र) कैसे भरें?

आधार: प्ररूप 4, नियम 25(1), राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994



परिशिष्ट–6-A
प्ररूप – 4
नाम निर्देशन–पत्र
(नियम–25(1) देखिये)
पंच/सरपंच का निर्वाचन।

पंचायत समिति ..... जिला ..... की पंचायत ..... के लिए निर्वाचन
मैं इसके द्वारा नोटिस देता हूँ कि मैं स्वयं को वार्ड संख्या ..... से उपर्युक्त
पंच/सरपंच के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी के रूप में प्रस्तावित करता हूँ।

1. पूरा नाम .....
2. अभ्यर्थी का लिंग .....
1 3. अभ्यर्थी की जाति .....
(केवल अजा./ज.जा/अ.पि.व. के व्यक्तियों द्वारा भरा जाये)
4. पंचायत का नाम तथा संबंधित वार्ड संख्या दर्शाते हुए मतदाता की क्रम संख्या .....
5. अभ्यर्थी के पिता/पति का नाम .....

मैं यह और घोषित करता हूँ कि–
(1) मैं राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 के उपबंधों के अधीन पंच/सरपंच के रूप में अर्ह हूँ।
(2) मैं उक्त अधिनियम की धारा 19 में विनिर्दिष्ट निरर्हताओं में से किसी के भी अध्यधीन नहीं हूँ।
(3) मैं अनुसूचित जातियों/अनु.जन जातियों/अन्य पिछड़े वर्गों का हूँ/नहीं हूँ।
2 (4) मैंने नियम 56(3) के अधीन अपेक्षित प्रतिभूति जमा करायी है। (केवल सरपंच के लिए लागू)
तारीख .....
स्थान .....

3 अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा भरा जाये

* उक्त वार्ड/पंचायत की क्रम संख्या जिससे अभ्यर्थी चुनाव लड़ना चाहता है .....
* ऐसे वार्ड/पंचायत के लिए नाम निर्देशन–पत्र की क्रम संख्या .....
यह नाम निर्देशन मुझे श्री/श्रीमती/कुमारी .....(अभ्यर्थी) द्वारा ..... (तारीख) को ..... बजे प्रस्तुत किया गया था।

रिटर्निंग अधिकारी

नाम निर्देशन–पत्र स्वीकार या नामंजूर करने का विनिश्चय

मैंने नाम निर्देशन–पत्र की परीक्षा इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार कर ली है और मेरा विनिश्चय निम्नलिखित है:–
तारीख .....


रिटर्निंग अधिकारी

(नाम निर्देशन–पत्र की रसीद)

4 उस वार्ड/पंचायत की क्रम संख्या जिससे अभ्यर्थी निर्वाचन लड़ना चाहता है .....ऐसे वार्ड/पंचायत के लिए नाम निर्देशन–पत्र की क्रम संख्या .....जो पंच/सरपंच के रूप में निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी है, का नाम निर्देशन–पत्र मुझे ..... (तारीख) को ..... बजे श्री .....जिनके साथ पहचानकर्ता श्री ..... थे, के द्वारा परिदत्त किया गया था।
नाम निर्देशन–पत्र को .....(तारीख) को ..... बजे ..... (स्थान) में संवीक्षा के लिए लिया जायेगा।
तारीख .....
स्थान .....

रिटर्निंग अधिकारी

* टिप्पण: जो संबंधित न हो कृपया उसे काट दीजिए।



केवल सरपंच पद के लिए है।

परिशिष्ट–6.A
प्ररूप – 4
नाम निर्देशन–पत्र
(नियम–25(1) देखिये)
पंच/सरपंच का निर्वाचन।
पंचायत समिति ...पावटा ..... जिला कोटपूतली–बहरोड़ की पंचायत .पांचूड़ाला के लिए निर्वाचन
मैं इसके द्वारा नोटिस देता हूँ कि मैं स्वयं को वार्ड संख्या ....ग्राम पंचायत .....से उपर्युक्त
पंच/सरपंच के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी के रूप में प्रस्तावित करता हूँ।
1. पूरा नाम मनीष कुमार गोयल..
2. अभ्यर्थी का लिंग पुरुष
1 3. अभ्यर्थी की जाति यदि सामान्य वर्ग का उम्मीदवार है तो रिक्त दर्शाना है।
(केवल अजा./ज.जा/अ.पि.व. के व्यक्तियों द्वारा भरा जाये)
4. पंचायत का नाम तथा संबंधित वार्ड संख्या दर्शाते हुए मतदाता की क्रम संख्या पांचूड़ाला,वार्ड संख्या 2 मतदाता कमांक–121
5. अभ्यर्थी के पिता/पति का नाम रमेश चन्द्र गोयल
मैं यह और घोषित करता हूँ कि–
(1) मैं राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के उपबंधों के अधीन पंच/सरपंच के रूप में अर्ह हूँ।
(2) मैं उक्त अधिनियम की धारा 19 में विनिर्दिष्ट निरर्हताओं में से किसी के भी अध्यधीन नहीं हूँ।
(3) मैं अनुसूचित जातियों/अनु.जन जातियों/अन्य पिछड़े वर्गों का हूँ/नहीं हूँ।
2 .4) मैंने नियम 56(3) के अधीन अपेक्षित प्रतिभूति जमा करायी है। (केवल सरपंच के लिए लागू)
तारीख 02.02.2026
स्थान पांचूड़ाला
3 मनीष कुमार गोयल
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा भरा जाय

उक्त वार्ड/पंचायत की क्रम संख्या जिससे अभ्यर्थी चुनाव लड़ना चाहता है पांचूड़ाला,
ऐसे वार्ड/पंचायत के लिए नाम निर्देशन–पत्र की क्रम संख्या .01.
यह नाम निर्देशन मुझे श्री/श्रीमती/कुमारी मनीष कुमार गोयल.(अभ्यर्थी) द्वारा .02.02.2026 (तारीख) को 11:00 प्रात: बजे प्रस्तुत किया गया था।

कमल
रिटर्निंग अधिकारी

नाम निर्देशन–पत्र स्वीकार या नामंजूर करने का विनिश्चय

मैंने नाम निर्देशन–पत्र की परीक्षा इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार कर ली है और मेरा विनिश्चय निम्नलिखित है:–
तारीख 03.02.2026 नाम निर्देशन पत्र स्वीकृत

कमल
रिटर्निंग अधिकारी

(नाम निर्देशन–पत्र की रसीद)

उस वार्ड/पंचायत की क्रम संख्या जिससे अभ्यर्थी निर्वाचन लड़ना चाहता है पांचूड़ाला,.....ऐसे वार्ड/पंचायत के लिए नाम निर्देशन–पत्र की क्रम संख्या .02..जो पंच/सरपंच के रूप में निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी है, का नाम निर्देशन–पत्र मुझे 02.02.2026 (तारीख) को .11:00 प्रात: बजे मनीष कुमार गोयल .जिनके साथ पहचानकर्ता श्री महेश कुमार . थे, के द्वारा परिदत्त किया गया था।
4 नाम निर्देशन–पत्र को .03.02.2026 (तारीख) को 10:30 बजे पंचायत भवन,पांचूड़ाला (स्थान) में संवीक्षा के लिए लिया जायेगा।
तारीख 02.02.2026
स्थान पांचूड़ाला .

कमल
रिटर्निंग अधिकारी

भरा हुआ नमूना, साभार: मनीष कुमार गोयल, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर (SLMT), जयपुर · नाम, जगह और तारीखें काल्पनिक


मूल: मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 80 · राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

1. उम्मीदवार का पूरा नाम, लिंग, जाति (सिर्फ़ SC, ST, OBC भरें), पंचायत का नाम, और वार्ड संख्या के साथ मतदाता क्रम संख्या, पिता या पति का नाम। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 80]
2. घोषणा (4): नियम 56(3) वाली जमानत जमा कराई है। यह सिर्फ़ सरपंच पर लागू है। [**नियम 56(3)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 80]
3. उम्मीदवार के हस्ताक्षर (या अंगूठा निशानी)। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 80; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]
4. नीचे की रसीद रिटर्निंग अधिकारी भरकर देंगे; इसमें संवीक्षा की तारीख, समय और जगह लिखी जाती है। रसीद सँभालकर रखिए। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 80; मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]

इस बार पंच-सरपंच के नामांकन, संवीक्षा और नाम वापसी एक ही दिन: तीसरा चरण 04.11.2026, चौथा चरण 15.11.2026 [आदेश 10090, दि. 06.10.2026, पृ. 1; आदेश 9836, दि. 03.10.2026, पृ. 8]

चित्र 5: प्ररूप 4घ: हर पेज पर हस्ताक्षर कीजिए

आधार: प्ररूप 4घ, नियम 25 और 58, निर्वाचन नियम, 1994; आदेश 10055, दि. 06.10.2026



परिशिष्ट–6-B

"प्ररूप–4घ"

(नियम 25 और 58 देखिए)

.....ग्राम पंचायत/ पंचायत समिति/ जिला परिषद् के वार्ड/ निर्वाचन क्षेत्र संख्या .....

.....से पंच/सरपंच/सदस्य के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अभ्यर्थी द्वारा दी जाने वाली घोषणा।

मैं, ...पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री.....आयु .....वर्ष निवासी.....

.....जो उक्त निर्वाचन का अभ्यर्थी हूँ, इसके द्वारा निम्नलिखित घोषणा करता/करती हूँ:–

1. कि मैं किसी लम्बित केस (केसों) में ऐसे अपराध (अपराधों) का अभियुक्त नहीं हूँ, जो पांच वर्ष या अधिक के कारावास से दण्डनीय है जिसमें सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय (न्यायालयों) द्वारा आरोप (आरोपों) विरचित कर दिये गये है।
यदि अभिसाक्षी (अभ्यर्थी) ऐसे किसी अपराध (अपराधों) का अभियुक्त है तो वह निम्नलिखित सूचना देगा:–
(i) केस/प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या/संख्याएं.....
(ii) पुलिस थाना (थाने) .....जिला (जिले).....राज्य.....
(iii) संबंधित अधिनियम (अधिनियमों) की धारा (धाराएं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण जिनके लिए अभ्यर्थी आरोपित है:– .....
(iv) न्यायालय (न्यायालयों) जिसने आरोप (आरोपों) को विरचित किया है .....
(v) तारीख (तारीखें) जिनको आरोप (आरोपों) का विरचन किया गया है .....
(vi) क्या सक्षम अधिकारिता वाले किसी न्यायालय (न्यायालयों) द्वारा सभी या किन्हीं कार्यवाहियों में स्थगन दिया गया है .....
यदि हाँ, तो न्यायालय का नाम..... आदेश की तारीख .....

2. कि मुझे किसी अपराध (अपराधों) के लिए दोषसिद्ध और दण्डित किया गया है/नहीं किया गया है। यदि अभिसाक्षी (अभ्यर्थी) दोषसिद्ध और दण्डित है तो वह निम्नलिखित सूचना देगा।
(i) केस/प्रथम सूचना रिपोर्ट की संख्या/संख्याएं.....
(ii) न्यायालय (न्यायालयों) जिसने दण्डित किया.....
(iii) पुलिस थाना (थाने) .....जिला (जिले).....राज्य.....
(iv) संबंधित अधिनियम (अधिनियमों) की धारा (धाराएं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण जिनके लिए अभ्यर्थी कभी आरोपित हुआ है.....
(v) वह तारीख (तारीखें) जिनको दण्डादेश सुनाया गया (सुनाये गये)
(vi) दण्ड का ब्यौरा .....
(vii) क्या दण्डादेश (दण्डादेशों) पर किसी सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय (न्यायालयों) द्वारा स्थगन दिया गया है (ब्यौरा दें).....
(viii) क्या दोषसिद्धि (दोषसिद्धियों) पर किसी सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय (न्यायालयों) द्वारा स्थगन आदेश दिया गया है (ब्यौरा दें).....

3. यह कि मैं इसके नीचे मेरे बच्चे, जो जीवित है, का ब्यौरा दे रहा हूँ/रही हूँ:–

(क) 23.04.1994 को मेरे बच्चों की कुल संख्या.....थी और उनका ब्यौरा निम्नानुसार है:– क्र.सं. नाम जन्म की तारीख
(i)
(ii)
(iii)

(ख) 23.04.1994 से 27.11.1995 की कालावधि में जन्में बच्चों की कुल संख्या ..... है और उनका ब्यौरा निम्नानुसार है:–
नाम जन्म की तारीख
(i)
(ii)

मूल: मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 81 · राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान


- प्ररूप 4घ सभी पदों के लिए एक ही है (ऊपर लिखा है: नियम 25 और 58)। [**नियम 25 और 58** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 81]

1. बिन्दु 1: विचाराधीन आपराधिक मामले। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 81]
2. बिन्दु 2: आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 81]
3. लाल, बिन्दु 3 (संतान): यह प्रावधान हटा दिया गया है; सूचना देना ज़रूरी नहीं। [आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 1]

- बाकी पूरा भरें, और हर पेज पर हस्ताक्षर या अंगूठा निशानी लगाएँ; नहीं तो नामांकन खारिज। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 32]

चित्र 6: शौचालय की घोषणा और सरपंच का शपथ पत्र

आधार: शौचालय की घोषणा: धारा 19(थ), राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994



परिशिष्ट–6-C

पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में अभ्यर्थी द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत करने के लिए कार्यशील स्वच्छ शौचालय के संबंध में घोषणा/अंडरटेकिंग

[देखें धारा 19(थ) राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994]

[राजस्थान पंचायतीराज (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2015 दिनांक 01.04.2015 द्वारा प्रतिस्थापित]

मैं, ... पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी* श्री .... निवासी .... जिसने जिला परिषद/पंचायत समिति/ पंचायत सर्किल* ..... के निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड संख्या ..... के सदस्य/सरपंच/पंच* के निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया हैं, मैं सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूँ कि :–

1. मेरे घर में स्वच्छ कार्यशील शौचालय है, जो तीन दीवारों, एक दरवाजा और छत से घिरा हुआ है। इसमें जल–बन्ध (वाटर सील्ड) शौचालय प्रणाली या व्यवस्था है।
2. मेरे परिवार का कोई भी सदस्य (पति/पत्नी* बच्चे एवं साथ निवास कर रहे माता/पिता) खुले में शौच के लिए नहीं जाते है।

तारीख .....

हस्ताक्षर अभ्यर्थी

सत्यापन

मैं सत्यापित करता हूँ कि मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपरोक्त तथ्य सही है।

साक्षी के हस्ताक्षर
(नाम व पता सहित)


हस्ताक्षर अभ्यर्थी

दिनांक .....

स्थान .....

*जो लागू ना हो, उसे काट दीजिए।

मूल: मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 83 · राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान



परिशिष्ट–6-D

उपाबंध I-B

(शपथ पत्र)

सरपंच के चुनाव के लिए नामनिर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत किये जाने वाला शपथ–पत्र।

ग्राम पंचायत .....

मैं, ... पुत्र/पुत्री/पत्नी ..... आयु ..... वर्ष, जो .....(डाक का पूरा पता लिखें) का की निवासी हूँ, और उपरोक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी हूँ, सत्यानिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूँ/करती हूँ, शपथ पर निम्नलिखित कथन करता हूँ/करती हूँ:–

(1) मैं .....उक्त ग्राम पंचायत के सरपंच पद का चुनाव लड़ रहा हूँ।

(2) मेरा नाम ग्राम पंचायत ..... के वार्ड संख्या .....की मतदाता सूची के क्रम सं. ..... पर प्रविष्ट है।

(3) मेरा/मेरे संपर्क दूरभाष
(क) निवास .....
(ख) मोबाइल नं. .....

(4) आय–कर विवरणी फाईल करने की स्थिति :

क्र.सं.	नाम	वित्तीय वर्ष जिसके लिए अंतिम आयकर विवरणी फाईल की गई है।
1.	स्वयं	
2.	पति या पत्नी	
3.	आश्रित–1	
4.	आश्रित–2	
5.	आश्रित–3	

मूल: मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 84 · राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

1. शौचालय की घोषणा: घर में स्वच्छ, कार्यशील शौचालय (तीन दीवारें, दरवाज़ा, छत, जलबंद) है; परिवार का कोई सदस्य (पति या पत्नी, बच्चे, साथ रहने वाले माता-पिता) खुले में शौच नहीं जाता। [**धारा 19(थ)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 83]
2. उम्मीदवार के हस्ताक्षर। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 83]
3. सत्यापन; फिर साक्षी के हस्ताक्षर (नाम-पते सहित), उम्मीदवार के हस्ताक्षर, तारीख और जगह। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 83]
4. उपाबन्ध-I B: सरपंच के नामांकन पत्र के साथ दिया जाने वाला शपथ पत्र। यह सिर्फ़ सरपंच के लिए है। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 84]

- उपाबन्ध-I B ₹50 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर हो; कोई कॉलम खाली रहा और याद दिलाने पर भी नहीं भरा, तो नामांकन खारिज हो सकता है। शौचालय की घोषणा याद दिलाने पर भी न दी, तो भी। [**नियम 27** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]

17 सरपंच को कितनी जमानत राशि देनी है?

आधार: नियम 56(3), राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994

- वार्ड पंच के लिए कोई जमानत राशि नहीं है। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33]
- सरपंच के लिए नियम 56(3): सामान्य उम्मीदवार ₹500; अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला उम्मीदवार ₹250। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33; आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 2]
- राशि रसीद के ज़रिये जमा होगी, और रसीद नामांकन के साथ लगेगी। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33; आदेश 10055, दि. 06.10.2026, पृ. 2]
- अनुसूचित जाति, जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग का उम्मीदवार ₹250 जमा करे, तो कलक्टर या राज्य सरकार के सक्षम किए अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र भी लगाए, चाहे पद आरक्षित न भी हो। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33]
- एक से ज़्यादा नामांकन पत्र भरें, तो जमानत राशि एक ही बार जमा करनी है। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33]

- सरपंच के उम्मीदवार ने जमानत राशि जमा नहीं करवाई, तो संवीक्षा में नामांकन खारिज किया जा सकता है। [**नियम 27** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]

चित्र 7: मार्गदर्शिका में सरपंच की जमानत

आधार: नियम 56(3), राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994

8. सरपंच पद के लिये नामनिर्देशन पत्रों के साथ प्रतिभूति निक्षेप राशि जमा कराना:–

1 (i.) वार्ड पंचों के चुनाव के लिये प्रतिभूति निक्षेप राशि जमा कराने का कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन सरपंच पद के नामनिर्देशन पत्रों के साथ प्रतिभूति निक्षेप जमा कराने का प्रावधान रखा गया है जो नियम 56 (परिशिष्ट–4 के अध्याय–5) के उप नियम (3) में बताया गया है। सरपंच का नामनिर्देशन तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक सामान्य अभ्यर्थियों की दशा में 500/– रुपये प्रतिभूति निक्षेप राशि जरियें रसीद जमा नहीं की गई हो। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला अभ्यर्थियों की दशा में 250/– रु. की प्रतिभूति निक्षेप राशि जरियें रसीद जमा की रसीद नामनिर्देशन पत्र के साथ होना आवश्यक है।

2 (ii.) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 250/– रु. प्रतिभूति निक्षेप राशि जमा कराने की स्थिति में आवश्यक है कि वे जिला कलेक्टर या राज्य सरकार द्वारा सक्षम किये गये अधिकारी के द्वारा जारी किये गये जाति/वर्ग प्रमाण–पत्र को भी नामनिर्देशन पत्र के साथ संलग्न करें। जो सरपंच पद किसी जाति/वर्ग या महिला के लिये आरक्षित नहीं है वहां पर भी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति नामनिर्देशन पत्र भरता है और प्रतिभूति निक्षेप के रूप में 250/– रु. जमा कराता है तो उसे संबंधित जाति/वर्ग का प्रमाण–पत्र उपरोक्तानुसार प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

3 (iii.) यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक नामनिर्देशन पत्र दाखिल करता है तो उसे एक से अधिक प्रतिभूति निक्षेप राशि जमा कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

मूल: मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33 · राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

1. (i) वार्ड पंच के लिए जमानत राशि का कोई प्रावधान नहीं। सरपंच, नियम 56(3): सामान्य ₹500; SC, ST, OBC और महिला ₹250। रसीद नामांकन पत्र के साथ। [**नियम 56(3)** · मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33]
2. (ii) SC, ST, OBC उम्मीदवार ₹250 जमा करे, तो कलक्टर या राज्य सरकार के सक्षम किए अधिकारी का जाति/वर्ग प्रमाण पत्र भी साथ लगाए; सरपंच का पद आरक्षित न हो, तब भी। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33]
3. (iii) एक से ज़्यादा नामांकन पत्र भरे, तो एक से ज़्यादा जमानत जमा करने की ज़रूरत नहीं। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 33]

18 नामांकन देने पर रसीद में क्या मिलेगा?

आधार: प्ररूप 4 की रसीद, नियम 25(1), राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994

- नामांकन पत्र देते समय रिटर्निंग अधिकारी आपको संवीक्षा का समय, तारीख और जगह बताएँगे। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]
- वे नामांकन पत्र पर वार्ड का क्रम संख्यांक और नामांकन पत्र का क्रम संख्यांक अपने हाथ से लिखेंगे। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]
- पहचान करने वाला कोई साथ आया हो, तो उसका उल्लेख करेंगे, और नामांकन मिलने का समय लिखेंगे। [मतपेटी मार्गदर्शिका, पृ. 34]
